भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2579
19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

पीएमकेएसवाई से लाभ

2579. श्री राजेश वर्मा:
डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) से लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या कितनी है;

(ख) 14वें वित्त आयोग अवधि के दौरान पीएमकेएसवाई के लिए आवंटित बजट परिव्यय और 15वें वित्त आयोग अवधि में इसकी निरंतरता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पीएमकेएसवाई के तहत नई शुरू की गई योजनाओं और मौजूदा योजनाओं के पुनर्गठन के बारे में विशेष जानकारी क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) देशभर में 2017-18 से एक केंद्रीय क्षेत्र अम्ब्रेला योजना-प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) लागू कर रहा है । 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रो में कुल 1132 खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे इन परियोजनाओं के पूरा होने पर 38,19,220 किसान लाभान्वित होगें।

(ख): पीएमकेएसवाई के लिए 14 वें वित्त आयोग चक्र के दौरान वित्तीय परिव्यय 6000 करोड़ रुपये था और 15 वें वित्त आयोग चक्र के लिए 4600 करोड़ रुपये का है।

(ग): पीएमकेएसवाई में शुरू की गई नई घटक योजनाएं थीं - (i) कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना, (ii) खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार, (iii) बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज सृजन, (iv) ऑपरेशन ग्रीन्स और (v) मानव संसाधन संस्थान - कौशल विकास। बाद में पीएमकेएसवाई का पुनर्गठन किया गया और 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान जारी रखने के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स का दायरा बढ़ाया गया।

ऑपरेशन ग्रीन्स , जो मूल रूप से टमाटर, प्याज और आलू (टॉप) फसलों पर लागू था, उसे 22 जल्दी खराब होने वाली फसलों, आम, केला, सेब, अनानास, किन्नू / मंदारिन / संतरा, अंगूर, आंवला , अनार, अमरूद, लीची, टमाटर, प्याज, आलू, हरी मटर, गाजर, फूलगोभी, बीन्स, लौकी परिवार [बोटल गौर्ड(लोकी), बिट्टर गौर्ड (करेला), रिज / स्पंज गौर्ड (तोराई),पोइंटेड गौर्ड (परवल) और ऐश गौर्ड (पेठा), भिंडी, लहसुन, अदरक और झींगा तक बढ़ा दिया गया है। परिणामस्वरूप, फल और सब्जी क्षेत्र को घटक योजना - एकीकृत शीत श्रृखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना से पीएमकेएसवाई की घटक योजना -ऑपरेशन ग्रीन्स में स्थानांतरित कर दिया गया है।

******